दैनिक जागरण

11/15/2017 Story

पटना, 15 नवंबर 2017 दैनिक जागरण | 7

# बिना लाइसेंस पैक हो रहा था बोतलबंद पानी

जासं, पटना : पटना के संपतचक में मेसर्स स्नेही बेवरेजेज कंपनी में मंगलवार को भारतीय मानक ब्यूरो (आइएसआइ) की टीम ने छापेमारी की तो पता चला कि बिना लाइसेंस के ही बोतलबंद पेजयल पैक हो रहा है। फैक्ट्री से भारी मात्रा में अवैध रूप से निर्मित आइएसआइ मार्क पैकेजबंद पेयजल मिला। टीम ने फैक्ट्री को सील कर माल को जब्त कर लिया। ब्यूरो सूत्रों के मुताबिक संपतचक के ग्राम गोपालपुर में अवैध रूप से पेयजल तैयार किया जा रहा था। यह सीधे तौर पर आइएसआइ मार्क का दुरुपयोग है।

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

epaper
हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

हिन्दुस्तान पटना • बुधवार • 15 नवम्बर 2017 • 04

हलचल

## आईएसआई मार्क बोतलबंद पेयजल जब्त

पटना। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के पटना शाखा कार्यालय ने राजधानी के संपतचक स्थित पैकेजबंद पेयजल निर्माता फर्म स्नेही बेवरेजस के प्लांट पर छापा मारा। बीआईएस के वैज्ञानिक एफ एवं प्रमुख के सीएस बिष्ट ने बताया कि बिना लाइसेंस अवैध मार्क पैकेजबंद पेयजल का निर्माण एवं विक्रय की सूचना के आधार पर संपतचक स्थित मेसर्स स्नेही बेवरेजस (ग्राम पोस्ट सोना गोपालपुर, जिला पटना) के फर्म में छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि विशेष छापेमारी दस्ता ने तलाशी एवं जब्ती के दौरान फर्म द्वारा अवैध रूप से निर्मित आईएसआई मार्क पैकेजबंद पेयजल को जब्त करके सील कर दिया है। दस्ता दल ने अवैध रूप से निर्मित पैकेजबंद पेयजल का नमूना अपने पास सबूत के तौर पर रखा है।

r.prabhatkhabar.com/)

Hide Clips Clip Page 1 of 22 Zoom Download Feedback About

प्रभात खबर

# संपतचक में अवैध 40 कार्टन बंद बोतल पेयजल बरामद

- भारतीय मानक ब्यूरो ने की छापेमारी

**संवाददाता** पटना

भारतीय मानक ब्यूरो (पटना) ने संपतचक में छापेमारी कर मेसर्स स्नेहि बेवरेजस फर्म से 40 कार्टून अवैध रूप में निर्मित आइएसआइ मार्का पेयजल बरामद किया है. मिली जानकारी के अनुसार भारतीय मानक ब्यूरो ने संपतचक स्थित मौना गोपालपुर में मंगलवार को एक विशेष छापेमारी दस्ता का गठन कर मेसर्स स्नेही बेवरेजस के यहां छापेमारी की. छापेमारी के दौरान 40 कार्टून आइएसआइ मार्का वाला पेयजल बोतल बरामद किया. छापेमारी टीम का नेतृत्व एनके प्रमाणिक कर रहे थे. इसके अलावा टीम में एमडी सिंह और आरएन राय शामिल थे. छापेमारी की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते सैकड़ों लोग फर्म के बाहर जमा हो गये. छापेमारी के दौरान कई कर्मचारी भागने में सफल रहे. इस संबंध में भारतीय मानक ब्यूरो के प्रमुख के सीएस विष्ट ने बताया कि पिछले दिनों सूचना मिली थी कि संपतचक इलाके में अवैध रूप से आइएसआइ मार्का पैकेज बंद पेयजल का निर्माण व बड़े पैमाने पर विक्रय हो रहा है. उसी के मद्देनजर यह छापेमारी की गयी. उन्होंने बताया कि छापेमारी दल अवैध रूप से निर्मित पेयजल का नमूना जब्त और सील कर सबूत के तौर पर अपने साथ ले गई. मिली जानकारी के अनुसार फर्म में दो मशीन लगे थे. जिनसे प्रतिदिन हजारों बोतल पेयजल तैयार किये जाते थे.